an>

Title: Need to provide stoppage to various important trains at Surat Railway Station, Gujarat.

श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश (सूरत) ः सूरत शहर देश के एक विकासशील शहरों में से एक है। यहां करीब 200 से ज्यादा टैक्सटाईल्स मार्केट, 5000 से ज्यादा छोटी-बड़ी औद्योगिक फैक्ट्रियां एवं देश की तथा एशिया की सबसे अधिक मात्रा में डायमंड की फैक्ट्रियाँ, हजीरा स्थित भारत वर्ष की महाकाय औद्योगिक फैक्ट्रियां जैसे कि रिलायंस, ओ.एन.जी.सी., एस्सार, अदाणी, ए.बी.जी. शिपयार्ड, एन.टी.पी.सी. वगैरह कंपनियों के कारण रेलवे तंतू को काफी यात्री उपलब्ध होते हैं एवं रेलवे तंतू की आमदनी दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है।

देश की सबसे महत्वपूर्ण ट्रेन मुम्बई सेन्ट्रल-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12951/12952) एवं अगस्त क्रांति राजधानी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12953/12954) सूरत में रूकती है। सूरत रेलवे स्टेशन पर 8 संपर्क क्रांति रेलगाड़ियां (गाड़ी संख्या 12449/50, 12431/32, 12907/08 एवं 12217/18) एवं 12 दुरन्तों एक्सप्रेस रेलगाड़ियों (गाड़ी संख्या 2263/64, 12297/98 12268/67, 12239/40, 12227/28 एवं 12283/84) का भी स्टॉपेज तुरंत दिया जाना चाहिए एवं यात्रियों की सुविधाओं एवं रेलवे की आमदनी बढ़ाने की दिशा में कदम उठाना चाहिए।